एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

सोमवार, 20 जुलाई 2026, वर्ष 7,

PAGE NO :04 MIDDLE

# बारिश की बूंदों के साथ कथक की ताल ने किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचारः एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार की शाम 'द मानसून' कार्यक्रम मे बारिश की बूंदों के साथ कथक की धुन गूंजी। कथक के गुरुओं और विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मुग्ध कर दिया।



द मानसून कार्यक्रम में ताल से कदमताल मिलातीं कथक नृत्यांगनाएं। • अमृत विचार

कथक के विद्यार्थियों गौरा, युतिका, पंखुड़ी, अवनी, प्रनिका, वर्णिका, प्रकृति, वैदेही, गुरनूर, आयत, रित्विका, नित्या जैन, कायरा, विवक्षा, मधुर कुकरेजा, त्रिशिका, गौरीका, क्षमा अग्रवाल, समृद्धि, कारुण्या, तृप्ता वर्मा, अनाया, नितारा, अनिका, गौरवी, अवियाना, मीरा, जोया, अनुभूति, नित्या अग्रवाल, नित्या डिंगरा ने कार्यक्रम का आगाज किया। नित्या कटारा चतुरंग, गौड़ मल्हार तराना, मेघ मल्हार, बरसे बदरिया सावन की और घिर- घिर आई बदरिया कारी पर भी अपनी प्रस्तुति दी। कथक गुरु अंशु शर्मा ने नृत्य कर बूंदो से दर्शकों को भिगोया। अंत में कथक गुरु देवज्योति नस्कर और रियाश्री चटर्जी ने सखी मोही रुनझुन बादल बरसे पर शानदार नृत्य किया।

गायन गुरु प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा के साथ वाद्ययंत्र गुरुओं दीपकांत जौहरी एवं

**• 'द मानसून' में कथक के गुरुओं और विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति**

अमरनाथ (तबला), ऋषभ देव पाठक (पखावज), अनीश मिश्रा (सारंगी), सीमा (सितार), पवन भारद्वाज (पवन भारद्वाज), अनुग्रह सिंह (ड्रम), विशेष सिंह (गिटार), डेरिक अमन जेम्स (कीबोर्ड) ने संगत की। संचालन डा.अनुज कुमार ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देवमूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा.रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डा.एमएस बुटोला, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.मनोज कुमार, डा.रीता आदि मौजूद रहे।